चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 30.7.25 | 4 | 3-4 |

# बेकरी, मशरूम उत्पादन व डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण देगी एचएयू

## अगले माह एचएयू में आयोजित होंगे कई प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अगस्त मास के दौरान बेकरी, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा डेयरी फार्मिंग के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले इन प्रशिक्षणों में 1 से 4 अगस्त तक बेकरी, 6 से 8 मशरूम उत्पादन तकनीक, 18 से 22 अगस्त डेयरी फार्मिंग तथा 25 से 27 मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश/प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला या पुरुष यह प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण में पूरी अवधि तक भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ही प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान संबंधित विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवक और युवतियां पंजीकरण के लिए संस्थान में प्रशिक्षण शुरू होने वाले दिन प्रातः 9 बजे पहुंच कर अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:00 से 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए प्रतिभागियों को एक फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी अपने साथ लेकर आनी होगी।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 30.7.25 | 5 | 1 |

### हकृवि में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अगस्त मास के दौरान बेकरी, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा डेयरी फार्मिंग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डा. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले इन प्रशिक्षणों में 1 से 4 अगस्त तक बेकरी, 6 से 8 मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 30.7.25 | 12. | 1 |

## हकृवि देगा मधुमक्खी पालन व डेयरी फार्मिंग पर प्रशिक्षण

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अगस्त मास के दौरान बेकरी, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा डेयरी फार्मिंग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इन प्रशिक्षणों में 1 से 4 अगस्त तक बेकरी, 6 से 8 मशरूम उत्पादन तकनीक, 18 से 22 अगस्त डेयरी फार्मिंग तथा 25 से 27 मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश/प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला या पुरुष यह प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.7.25 | 8 | 6 |


# हकृवि में अगस्त माह में विभिन्न प्रशिक्षण होंगे आयोजित

हिसार, 29 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में अगस्त मास के दौरान बेकरी, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा डेयरी फार्मिंग हेतु प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए संस्थान के सह- निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले इन प्रशिक्षणों में 1 से 4 अगस्त तक बेकरी, 6 से 8 मशरूम उत्पादन तकनीक, 18 से 22 अगस्त डेयरी फार्मिंग तथा 25 से 27 मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश/प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला या पुरुष यह प्रशिक्षण ले सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 29.7.2025 | -- | -- |


## त्यौहार हमारी आस्था, श्रद्धा, परंपरा और संस्कृति के प्रतीकः संतोष कुमारी

### हकृवि में धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 29 जुलाई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज उत्सव पर फैकल्टी क्लब द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हकृवि की महिला सदस्यों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की धर्मपत्नी एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को तीज त्यौहार की शुभकामनाएं दी।

मुख्य अतिथि संतोष कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि त्यौहार हमारी आस्था, श्रद्धा, परंपरा और संस्कृति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि तीज का त्यौहार उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय है। यह त्यौहार विशेष कर महिलाओं द्वारा बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार लहलाती प्रकृति और प्रेम के रंगों को समेटे हरियाली तीज अखंड सौभाग्य एवं परिवार की कुशलता के लिए किया जाने वाला व्रत है। मान्यता है कि सौभाग्यवती महिलाएं अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने के लिए यह व्रत करती है। ऐसा माना जाता है कि सबसे पहले यह व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए रखा था। उन्हीं का अनुसरण करते हुए महिलाएं माता पार्वती और शिवजी जैसा दाम्पत्य जीवन पाने के लिए यह व्रत करती हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्मों के लोग आपसी प्यार-प्रेम के साथ रहते हैं। सभी नागरिक देश में त्यौहार को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते है। जिससे आपसी भाईचारे के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता की भावना का भी संचार होता है। उन्होंने महिलाओं के साथ मिलकर झूला- झूला और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी क्लब परिसर में पौधारोपण किया और महिलाओं से पौधारोपण करने का अनुरोध भी किया। तीज उत्सव के दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. वीनू सांगवान ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. संध्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार की धर्मपत्नी डॉ. मीना सहित विश्वविद्यालय की महिलाओं ने भाग लिया।